सितंबर 2026

₹ 20

# समाजवादी बुलेटिन

## एक-एक बूथ PDA मजबूत



R.N.I. No. 68832/97



एकमात्र समाजवाद ही शोषितों, वंचितों के अधिकारों की बात करता है। इसलिए सामाजिक न्याय का राज स्थापित करना ही होगा। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का लक्ष्य होना चाहिए कि जो सामाजिक व्यवस्था में जमीन पर बैठा है, उसे कुर्सी पर बैठाना है और कतार में जो सबसे पीछे है, उसे सबसे आगे लाना है। यह बदलाव समाजवादी पार्टी की सरकार में ही संभव है।

मुलायम सिंह यादव
संस्थापक, समाजवादी पार्टी

# समाजवादी बुलेटिन

सितंबर 2026

वर्ष 27 | संख्या 11


PDA काव्य विचार

बिखरेंगे न बंटेंगे, अब एक ही नारा है,

PDA की एकता ही सबका सहारा है।

पीडीए का परचम जब-जब लहराएगा,

वर्चस्ववादी खुद ही घबराएगा।

यूपी में अखिलेश राज आएगा,

खुशहाली होगी, सबका भाग्य चमक जाएगा॥

राकेश वर्मा

बस्ती

***प्रिय पाठकों,***

***PDA काव्य विचार के लिए आपकी स्वरचित लघु कविता का स्वागत है। केवल उन्हीं लघु कविताओं पर विचार किया जाएगा जो PDA केन्द्रित, सुस्पष्ट, मौलिक, न्यूनतम 4 से 6 लाइनों में टाइपशुदा होंगी। अपनी लघु कविता ईमेल teamsbeditorial@gmail.com पर अपने नाम और पते के साथ भेजें।***


प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक

**प्रोफेसर रामगोपाल यादव**

☎ 0522 - 2235454

samajwadibulletin19@gmail.com

bulletinsamajwadi@gmail.com

Mob:- 9598909095

/samajwadiparty

समाजवादी पार्टी के लिए

19, विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित

अवध पब्लिशिंग हाउस, 8 पान दरीबा, लखनऊ से मुद्रित

R.N.I. No. 68832/97


# अंदर


नीले रंग में रंगी समाजवादी छात्र सभा 30





10 कवर स्टोरी

## एक-एक बूथ PDA मजबूत






## सपा सरकार में आधी आबादी को मिलेंगे सालाना ₹40 हजार 06




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने 26 अगस्त को राष्ट्रीय महिला समानता दिवस पर सपा के राज्य मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मैनपुरी की सांसद श्रीमती डिंपल यादव जी की मौजूदगी में स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना की घोषणा की। श्री यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी स्त्री सम्मान- समृद्धि योजना को विधानसभा चुनाव घोषणा पत्र में शामिल करेगी। 2027 में सरकार बनते ही चरणबद्ध तरीके से स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना लागू होगी।


दौरों का संदेश, आ रहे हैं अखिलेश 22

सपा सरकार में यश भारती सम्मान राशि दोगुनी की जाएगी 04

# सपा सरकार में यश भारती सम्मान राशि दोगुनी की जाएगी

## उदय प्रताप सिंह जी के अभिनंदन ग्रंथ का लोकार्पण



बुलेटिन ब्यूरो

कवि, साहित्यकार तथा हिन्दी संस्थान के पूर्व अध्यक्ष श्री उदय प्रताप सिंह का 22 अगस्त को एक भव्य कार्यक्रम में अभिनंदन किया गया।

समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मां संतोषी फाउंडेशन, मिश्राना मैनपुरी की ओर से 'डॉ. उदय प्रताप सिंह गुरू जी अभिनंदन ग्रंथ' का लोकार्पण समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने किया।श्री अखिलेश यादव ने उदय प्रताप जी को बधाई दी और उनके दीर्घायु होने की कामना की।

अपने संबोधन में श्री अखिलेश यादव ने कहा कि श्री उदय प्रताप जी की कविताएं खूब उद्धृत की जाती हैं। मूलतः वह समाजवादी चिंतनधारा के कवि हैं। श्री उदय प्रताप जी ने ग्रैमी अवार्ड से पुरस्कृत एक गाना, जिसमें 150 नाम थे, को हिन्दी में पार्टी का 'गीत मन से मुलायम' में परिवर्तित भी किया।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि श्री उदय प्रताप सिंह मैनपुरी से दो बार सांसद रहे। वे राज्यसभा सदस्य भी रहे। उन्होंने वर्ष 1993 में सूरीनाम के विश्व हिन्दी सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था।

सपा मुखिया श्री अखिलेश यादव ने कार्यक्रम में आए कवियों, साहित्यकारों का आभार जताते हुए भरोसा दिलाया कि जिस तरह से नेताजी ने कवियों, साहित्यकारों और समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को यश भारती देकर सम्मान दिया उसी तरह से आने वाले समय में भी सम्मानित करने का काम होगा।

उन्होंने कहा कि यश भारती सम्मान देने के साथ ही सम्मान राशि दोगुना करके सम्मानित करेंगे।

पूर्व सांसद हिंदी के जाने माने कवि श्री उदय

प्रताप सिंह ने अपने सम्मान के लिए मां संतोषी फाउंडेशन तथा अन्य सभी शुभचिंतकों का आभार जताते हुए कहा कि यद्यपि उनको सूरीनाम में आचार्य की डिग्री सहित यश भारती और अन्य कई सम्मान मिल चुके हैं परन्तु गृह जनपद मैनपुरी से मिला यह सम्मान विशेष है। उन्होंने अपनी एक ताजा गजल भी पढ़ी।

अध्यक्षीय सम्बोधन में श्री सूर्य कुमार पांडेय ने कहा कि उदय प्रताप जी की बौद्धिक प्रखरता और समाजवादी प्रतिबद्धता सराहनीय है। दीन मोहम्मद दीन तथा मस्ताना जी ने भी उन्हें बधाई दी।

इस अवसर पर मां संतोषी फाउंडेशन ने मैनपुरी की सांसद श्रीमती डिंपल यादव जी को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कवियत्री सरिता शर्मा ने उदय प्रताप जी को संत बताते हुए कहा कि उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। कार्यक्रम में फाउंडेशन के संस्थापक सत्यसेवक मिश्र, श्री बलराम श्रीवास्तव वरिष्ठ कवि किशनी, पंकज मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार, इं प्रतोष मिश्रा सहित पूरी टीम ने उदय प्रताप जी का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में सर्वश्री प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, राजेन्द्र चौधरी, अंबिका चौधरी, अरविंद सिंह गोप (पूर्व कैबिनेट मंत्रीगण) प्रो रमेश दीक्षित, श्रीमती वंदना मिश्रा, चरन सिंह बशर, असीम यादव पूर्व एमएलसी, मणींद्र मिश्र राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा, दीपक कबीर सोशल ऐक्टविस्ट, मालविका हरिओम, प्रो लक्ष्मण यादव, श्याम मिश्रा, दीपक रंजन आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# अखिलेश को भेंट की काव्य पुस्तिका 'काम बोलता है'

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव से 30 अगस्त को श्री रामअधार राजभर ने मुलाकात कर अपनी काव्य पुस्तिका 'काम बोलता है' भेंट की।

इस अवसर पर श्री अखिलेश यादव ने आशा जताई कि यह पुस्तक समाजवादी विचारधारा और डॉ. लोहिया के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में अग्रणी साबित होगी।

'काम बोलता है' पुस्तिका में कविता के माध्यम से समाजवादी सरकार की योजनाओं का ब्योरा सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है। इसमें अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास की झलक, हरितक्रांति, कृषि, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, एड्स, चिकित्सा शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, बेसिक शिक्षा लोक निर्माण, श्रम एवं सेवा योजना, हथकरघा, उद्योग आदि से संबंधित रचनाएं भी हैं।



# सपा सरकार में आधी आबादी को मिलेंगे सालाना ₹40 हजार

## स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना का ऐलान

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने 26 अगस्त को राष्ट्रीय महिला समानता दिवस पर सपा के राज्य मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मैनपुरी की सांसद श्रीमती डिंपल यादव जी की मौजूदगी में स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना की घोषणा की।

श्री यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी स्त्री सम्मान- समृद्धि योजना को विधानसभा चुनाव घोषणा पत्र में शामिल करेगी। 2027 में सरकार बनते ही चरणबद्ध तरीके से स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना लागू होगी। उन्होंने बताया कि इस योजना में समाजवादी सरकार में महिलाओं को हर साल 40 हजार रुपये दिए जाएंगे।

श्री अखिलेश यादव ने साथ ही छात्राओं को इंटर पास होने के बाद लैपटॉप, साइकिल



पूर्ववर्ती समाजवादी सरकार में जो फैसले लिए गए थे, वे आज भी उदाहरण हैं।

श्री अखिलेश यादव ने कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने पहले भी शिक्षा से लेकर सुरक्षा के लिए फैसले लिए थे। वे फैसले आज भी उदाहरण हैं। समाजवादी सरकार में महिलाओं के लिए समाजवादी पेंशन योजना शुरू की गई थी जिसमें महिलाओं के खाते में सीधे 500 रूपये भेजा जाता था। हमने तय किया था भविष्य में इसे लगातार बढ़ाया जाएगा। पिछली घोषणापत्र में भी शामिल किया गया था।

उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए नारी केवल नारा बनकर रह गया है। सभी लोग जानते हैं कि महिला आरक्षण बिल संसद में पास होकर कानून बन गया है। भाजपा महिला आरक्षण कानून लागू करने में देरी क्यों कर रही है? भाजपा सरकार में हाथरस की बेटी को न्याय नहीं मिला। कानपुर में मां-बेटी को जिंदा जला दिया गया। अंबेडकर नगर में एक बेटी का घर गिराया और जलाया जा रहा था तो वह किताबें लेकर भाग रही थी। वह तस्वीर कोई नहीं भूला है।

लखनऊ अग्निकांड में पीड़ित मां के सामने मुख्यमंत्री जी की बातों को कोई नहीं भूल सकता हैं, वह पीड़ित मां से कह रहे थे कि भाषण सुनने के मूड में नहीं हैं। इसी सरकार ने खुशी दुबे को जेल भेजकर अपमानित किया था। आंकड़े बताते हैं कि भाजपा सरकार में महिलाओं और बेटियों के साथ सबसे ज्यादा अन्याय और अपराध हुआ है।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती डिंपल यादव जी ने कहा कि स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना



देने, महिलाओं को सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने का भी ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार में बंद किए सभी 2 6 हजार प्राइमरी स्कूल समाजवादी सरकार में फिर खोले जाएंगे। सरकारी स्कूलों में फीस माफ और प्राइवेट में फीस हाफ होगी। न्यूट्रिशन मिशन योजना फिर शुरू की जाएगी।आंगनबाड़ी केन्द्रों को ठीक किया जाएगा।

प्रेस कांफ्रेंस में स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना की घोषणा करते हुए सपा मुखिया ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि होगी। समाजवादी सरकार में महिलाओं की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को आगे बढ़ाए बिना तरक्की अधूरी है। आधी आबादी के लिए

का मूल सिद्धांत नारी शक्ति का विकास है। पीडीए में आधी आबादी के रूप में शामिल हर स्त्री का सम्मान और समृद्धि हमारा संकल्प है। सशक्तीकरण यदि सामाजिक रूप से समानता देकर स्त्री को सशक्त करना है तो सबलीकरण आर्थिक रूप से स्त्री को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास होता है।

नामकरण में स्त्री शब्द को इसीलिए लिया गया है क्योंकि बालिका, युवती, नारी, महिला कहने से उम्र का दायरा बंध जाता है जबकि स्त्री शब्द एक जेण्डर को रिप्रेजेन्ट करता है, इसीलिए हर उम्र की स्त्री के लिए लागू हो सकता है।

उन्होंने बताया कि सम्मान शब्द को इसीलिए लिया गया है क्योंकि सम्मान हर स्त्री की सर्वप्रथम और सर्वप्रमुख प्रतिभूति गारंटी होनी चाहिए। इसका किसी स्त्री की सामाजिक-आर्थिक स्थिति से कोई संबंध नहीं होता है, वह स्त्री है इस नाते उसका सम्मान होना ही चाहिए।

उन्होंने कहा कि स्त्री को सामाजिक रूप से मजबूत स्थिति प्रदान करने के लिए स्त्री के सशक्तीकरण के लिए सम्मान, समृद्धि से भी पहले अपरिहार्य है। समृद्धि शब्द को इसीलिए लिया गया है क्योंकि आर्थिक रूप से जब स्त्री बलवती होती है तो घर में वह आर्थिक योगदान भी करती है। इससे समकक्षता भी बढ़ती है।

स्त्री का आर्थिक रूप से मजबूत होना ही उसका सबलीकरण होता है। योजना के रूप में इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। समय-समय पर इसके संचालन, सफलता का आंकलन किया जाएगा और अपेक्षित सुधार भी। मोबाइल, लैपटॉप, पैसा, पाठशाला-प्रशिक्षण के माध्यम से सम्मान-समृद्धि का वह मार्ग बनाया जाएगा

















# बनेगी समाजवादी सरकार, आधी आबादी है तैयार













जो धीरे-धीरे स्त्री को अपने पैरों पर, सम्मान के साथ सिर उठाकर खड़ा होना सिखाएगा। पीडीए के ए में शामिल आधी आबादी के प्रति यह योजना हमारी सकारात्मक सोच का परिणाम है।

# एक-एक बूथ PDA मजबूत



बुलेटिन ब्यूरो

उत्तर प्रदेश की सियासत में एक बार फिर जमीन से बदलाव की आवाज सुनाई दे रही है। यह आवाज गांव-शहर के बूथ से आ रही है। 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के एक-एक बूथ पर मजबूती से डट जाने के नारे में ही पूरी रणनीति और उत्तर प्रदेश के बेहतरीन भविष्य का अक्स दिख रहा है।

उत्तर प्रदेश की सियासत में PDA सिर्फ तीन अक्षर नहीं रहा बल्कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक, आधी आबादी और सामाजिक न्याय के हिमायती दूसरे समाज की एकजुटता बन चुका है।

यह वही PDA है जिसने 2024 के लोकसभा चुनाव में बड़े-बड़ों के राजनीतिक समीकरण को ध्वस्त कर दिया था और अब PDA फौलाद बन चुका है और 2027 में भाजपा को धूल चटाने के लिए चट्टान की तरह खड़ा है। सचाई यह है कि PDA अब 90 प्रतिशत वंचित, शोषित और अपमानित लोगों की साझा उम्मीद बन गया है।

समाजवादी पार्टी के मुखिया श्री अखिलेश यादव ने PDA को और धार देने के लिए बूथ स्तर पर यूथ को मजबूती से खड़ा कर दिया है। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता बूथ पर डट गया है। जनता भी कार्यकर्ताओं के साथ कदमताल कर रही है क्योंकि जनता को पता है कि श्री अखिलेश यादव ने अपनी सरकार में यूपी को विकास की किस चोटी पर पहुंचाया था।

बूथों पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के सामने जनता खुद ही बता रही है कि



भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है। वह न तो रोजगार दे पा रही है और न ही नौकरी। यूपी की जनता पूरी तरह जागरुक है और वह हर बूथ पर पीडीए के साथ मजबूती से खड़ी है ताकि भाजपा को सत्ता से बेदखल किया जा सके। जनता का मानना है कि समाजवादी पार्टी ही भाजपा की बेहतरीन विकल्प है।

श्री अखिलेश यादव के पास यूपी को विकास की ऊंचाइयों पर ले जाने का दमखम है और साथ ही बेहद संवेदनशील होने के नाते वह जनता के दुख-दर्द को समझते हैं।

यही वजह है कि समाजवादी पार्टी का कारवां बढ़ता जा रहा है। दूसरे दलों में भगदड़ मची हुई है। राजनीतक विश्लेषकों का आकलन है कि 2027 का चुनाव आते-आते सभी दलों के प्रमुख लोग समाजवादी पार्टी में ही अपना भविष्य तलाशते नजर आएंगे।

युवाओं में दिख रहा उत्साह, जोश बता रहा है कि यूपी के हर बूथ से एक ही आवाज सुनाई देने वाली है कि समाजवादी पार्टी जीत गई। यह सब एक दिन में नहीं हुआ है। श्री अखिलेश यादव ने PDA के अधिकारों के लिए लंबा संघर्ष किया है। आरक्षण बचाने और संविधान की रक्षा के संकल्प के साथ सामाजिक न्याय की लड़ाई को जिस तरह श्री अखिलेश यादव धार दे रहे हैं, वह अविस्मरणीय है।

श्री अखिलेश यादव और नेताओं से इसलिए भी अलग हैं क्योंकि वह सकारात्मक राजनीति को तरजीह देते हैं और सिर्फ विरोध नहीं करते बल्कि बेहतरीन विकल्प भी पेश करते हैं।

उन्होंने अगली सरकार के लिए जो भी रोडमैप तैयार किया है, वह भी काबिले तारीफ है। समाजवादी सरकार बनने पर स्त्री समृद्धि योजना के तहत आधी आबादी को 40 हजार रुपये देने का उनका ऐलान कई मायनों में अहम है।

युवाओं के लिए भर्ती कैलेंडर, पेपर लीक मुक्त परीक्षा, किसानों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी और समय पर भुगतान, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के लिए हक और हिस्सेदारी का ऐसा खाका तैयार हुआ है जिसने बूथों पर समाजवादी पार्टी को मजबूत कर दिया है।

यूपी की तस्वीर अब बिल्कुल साफ है। एक-एक बूथ की मजबूती यह गवाही दे रही है कि PDA हर तरह से 2027 में समाजवादी सरकार बनाने जा रहा है। यही वजह है कि

समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता इस लड़ाई को अपना चुनाव समझकर लड़ रहा है। उसे पता है कि अगर आज बूथ पर पसीना बहाया तो कल पूरे प्रदेश में खुशहाली आएगी।

बूथों पर जिस तरह तैयारी दिख रही है, वह श्री अखिलेश यादव की सधी हुई रणनीति का हिस्सा है। इस तैयारी से ही 2027 में उत्तर प्रदेश में बदलाव की बयार चल पड़ी है। बूथ स्तर पर महा-अभियान शुरू कर दिया गया है।

सामाजिक न्याय का राज स्थापित करने की इस मुहिम और PDA की एकजुटता ने भाजपा की नफरत की राजनीति को पस्त कर दिया है। अब यूपी के हर बूथ पर एक ही चर्चा है- 2027 में अखिलेश यादव की सरकार बननी है। सरकार बनाने को युवा, किसान, व्यापारी, छात्र, आधी आबादी तैयार हैं और चुनाव से पहले ही भाजपा ने हार मान ली है। बूथों पर समाजवादी पार्टी की मजबूती, भाजपा सरकार की कुनीतियों से त्रस्त जनता का समाजवादी पार्टी को मिलता व्यापक समर्थन बता रहा है कि भाजपा जाने वाली है और यूपी में अखिलेश सरकार खुशहाली लाने वाली है।





# सपा सरकार बनाने को जनता तैयार, एकजुट रहें कार्यकर्ता -अखिलेश



बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने आसन्न विधानसभा चुनाव का महत्व बताते हुए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया है कि विधानसभा चुनाव 2027 में एकजुट होकर 2024 के लोकसभा चुनाव से अच्छा प्रदर्शन करना है। जनता ने समाजवादी पार्टी की सरकार लाने का मन बना लिया है। चुनाव में समाजवादी समर्थक एक भी वोट घटने न पाए और एक भी वोट छूटे न। भाजपा की साजिशों से सावधान रहें। इस बार धोखा नहीं होना चाहिए।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के कुशासन, अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त हो गयी है। जनता भाजपा को हटाना चाहती है। भाजपा सरकार में हर स्तर पर भेदभाव है। भाजपा के अन्यायी शासन के खिलाफ पीडीए एकजुट है। पीडीए की एकजुटता से भाजपा घबराई है। भाजपाई



पीडीए के खिलाफ तरह-तरह की साजिश कर रहे हैं।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए प्रोग्रेसिव और डेवलपमेंट का है। यहां प्रेम, दया, अपनापन है। समाजवादी पार्टी सबको साथ लेकर चलती है। सभी का सम्मान करती है। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि बूथों को मजबूत करें। जनता को समाजवादी पार्टी की योजनाओं के बारे में बताएं। सबके प्रति प्रेम, दया अपनापन का व्यवहार करते हुए सबको जोड़ें।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा नफरत की राजनीति करती है। भाजपा लोकतंत्र के खिलाफ है। वह लोकतंत्र, संविधान, आरक्षण के लिए खतरा है। भाजपा शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान विरोधी है। मुनाफाखोरी, कमीशनखोरी, बजट की लूट भाजपा का एजेंडा है। भाजपा सरकार इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार है। इसने कमीशन के लिए सरकारी संपत्तियों को बेच दिया। जेपीएनआईसी, प्लासियों मॉल, किसान बाजार, छतर मंजिल सब बेच दिया।

उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में किसानों के लिए बनाई गई मंडियों को बर्बाद कर दिया। भाजपा किसानों की दुश्मन है। किसान की खाद चोरी हो गई। जब से भाजपा सरकार आई है। हर सीजन में किसान खाद के लिए भटकता है। महंगाई के कारण खेती का लागत मूल्य बढ़ गया। भाजपा सरकार किसानों की फसलों का सही मूल्य नहीं दिला पाई। बिचौलिये फसलों की लूट करते हैं। भाजपा ने किसानों-नौजवानों के साथ धोखा किया है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार आने पर गरीबों का इलाज मुफ्त होगा। इलाज के लिए कोई कार्ड नहीं लगेगा। समाजवादी सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, खेल हर क्षेत्र को अच्छा बनाएगी। प्रदेश में स्पोर्ट्स पॉलिसी बनाई जाएगी। खेलों के लिए एक विशेष फंड बनाया जाएगा। किसानों को सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। किसानों, बुनकरों के हित में फैसले लिए जाएंगे।

# तेजी से बढ़ रहा समाजवादी कारवां



बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव की नीतियों और सामाजिक न्याय की उनकी लड़ाई में सहभागिता के लिए राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता, सामाजिक संगठन, किसान, व्यापारी, छात्र, नौजवान तेजी के साथ समाजवादी पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं ताकि 2027 में समाजवादी सरकार बनाई जा सके।

सपा में शामिल सभी नेताओं ने समाजवादी पार्टी को मजबूत करने और 2027 में श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का धन्यवाद दिया।

श्री यादव ने कहा कि नए साथियों के आने से समाजवादी पार्टी और मजबूत हुई है। समाजवादी पार्टी की सामाजिक न्याय की स्थापना की लड़ाई और पीडीए की ताकत मजबूत करने के लिए सभी लोगों का स्वागत है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि संकीर्ण सोच, नकारात्मक, रुढ़िवादी और पुरातनपंथी लोगों को पीडीए से घबराहट है। जब पीडीए में नए लोग जुड़ते हैं तो उनकी घबराहट और बढ़ जाती है। वे पीडीए को बदनाम करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं।

8 सितंबर को गोरखपुर की सामाजिक कार्यकर्ता सुशीला चौहान पत्नी राजकुमार चौहान, पूर्व पार्षद विराट चौहान, अंकुश निषाद, गोरखपुर से जिला पंचायत सदस्य

कुलदीप निषाद, बीडीसी सदस्य प्रमोद चौहान अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हुए।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ पर 30 अगस्त को महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती पर यूपी के विभिन्न जिलों से सैकड़ों की संख्या में खंगार समाज के लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता लेने वालों में सर्वश्री राम सनेही खंगार, भोला नाथ खंगार, फेरन लाल अहिरवार पूर्व विधायक, रविन्द्र सिंह खंगार, दिवाकर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, विशाल अर्कवंशी, विजय सिंह, सुनील खंगार, भूपेन्द्र सिंह, भानु प्रताप सिंह, महेन्द्र सिंह यादव, लखन यादव एडवोकेट, नंद किशोर यादव, पंकजा सिंह आदि प्रमुख रहे।

29 अगस्त को श्री अखिलेश यादव के समक्षपीलीभीत जिले के पूर्व विधायक हेमराज वर्मा, प्रतापगढ़ जिले से पूर्व विधायक राम शिरोमणि शुक्ला, पूर्व मंत्री रतन लाल अहिरवार, जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरिता सैनी, श्यामदुलारी सैनी, राकेश सैनी, शामली से मुकेश सैनी, आकाश सैनी, सागर सैनी, संजय सैनी, जय सिंह सैनी, प्रमोद सैनी, रायबरेली से कमला फाउडेंशन की जिलाध्यक्ष पूनम सिंह, अहमद अली जाफरी पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी, श्रीमती उमा भूषण पूर्व प्रत्याशी, श्री अयूब खान पूर्व प्रत्याशी, पीलीभीत के रत्नेश गंगवार, श्रीमती प्रियंक गंगवार, डा. आरके मिश्रा, श्रीमती डा. नीतू मिश्रा पूर्व प्रत्याशी खान आदि ने सैकड़ों समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

25 अगस्त को किसान इंटर कॉलेज, तिर्वा, कन्नौज के प्रधानाचार्य एवं जिला मंत्री शिक्षक संघ श्री रमेश चन्द्र की अगुआई में बड़ी संख्या में कई प्रमुख लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। इनमें लोध समाज के प्रमुख लोग भी शामिल रहे।

शामिल होने वाले प्रमुख नेताओं में सर्वश्री रामबाबू वर्मा पूर्व सदस्य जिला पंचायत कन्नौज, बृजेश कुमार लोधी, उज्ज्वल लोधी, अम्ब्रीश मिश्रा, महेश चन्द्र लोधी, ऋतुराज लोधी, रविकुमार लोधी, प्रज्जल लोधी, गिरजाशंकर लोधी, सुभाष चन्द्र लोधी, सर्वेश कुमार लोधी, सार्थक लोधी, आकाश लोधी, आशू यादव, रामेन्द्र कुमार लोधी, राम किशन वर्मा पूर्व प्रधान, नन्हें लाल वर्मा, महेश चन्द्र वर्मा, चन्द्रशेखर वर्मा, राम आसरे वर्मा, प्रेमचन्द्र वर्मा, बीरेन्द्र सिंह वर्मा, रामगोपाल वर्मा, कृष्णपाल वर्मा, राम प्रताप वर्मा, ब्रजेश वर्मा, मोहम्मद जाकिर हुसेन, राकेश वर्मा पूर्व प्रत्याशी, सुदामा, रजत लोधी, जयवीर सिंह आदि शामिल रहे।





# PDA सरकार में स्थापित होगा सामाजिक न्याय का राज



बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि सिद्धांत कभी नहीं बदलता है। समाजवादी पार्टी का लक्ष्य समाजवादी विचारधारा और पीडीए के आन्दोलन से सामाजिक न्याय के राज की स्थापना करना है। हमारी लड़ाई जारी है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा और मुख्यमंत्री जी पीडीए से घबराए हुए हैं इसीलिए वह पीडीए की परिभाषा बदलते हैं। मुख्यमंत्री जी पीडीए को पाकिस्तान बताते हैं, ऐसे तो बीजेपी का मतलब भाग जाओ पाकिस्तान हो जाएगा। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि जो भी पीड़ित है, पीडीए उनके साथ है। पीडीए का मतलब प्रेम, दया, अपनापन है। हम



समाजवादी लोग मिलकर जितना प्रेम, दया, अपनापन से लोगों को जोड़ेंगे उतना ही समाजवादी पार्टी मजबूत होगी और भविष्य में ऐतिहासिक सरकार बनेगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। समाजवादी सरकार में प्राइमरी शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। पिछली बार समाजवादी सरकार में अभिनव स्कूल बनाने का काम शुरू किया था, स्कूलों को प्राइवेट स्कूल से अच्छा बनाया जा रहा था।

भाजपा सरकार जानबूझ कर प्राइमरी स्कूल खराब कर रही है क्योंकि सबसे ज्यादा पीड़ित, दुःखी, अपमानित, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, आधी आबादी के बच्चे वहीं पढ़ रहे हैं। समाजवादी सरकार में स्कूलों का आधारभूत ढ़ांचा ठीक किया जा रहा था, साथ-साथ बच्चों को गर्म खाना, दूध और फल देने की व्यवस्था की गई थी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी कभी गठबंधन नहीं तोड़ती है। समाजवादी पार्टी जब साथ लेकर चलती है तो निभाती भी है। समाजवादियों ने हमेशा साथ निभाया है।

श्री यादव ने कहा कि सरकार भाजपा की है, लड़ाई भाजपा से है, इसलिए जो दल समाजवादी पार्टी को घेर रहे हैं, वे भाजपा से लड़ें। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी और सहयोगी दल सभी 403-403 सीटों पर तैयारी कर रहे हैं। हम लोगों की डबल तैयारी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। पुलिस की तरफ से बड़े पैमाने पर अन्याय हो रहा है। अन्याय की बहुत लंबी सूची है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा बड़े लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए फैसले लेती है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का जो गठबंधन है, वही रहेगा। समाजवादी पार्टी का गठबंधन मजबूत है। भाजपा घबराई है इसलिए वे पीडीए-पीडीए कर रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी दिव्यांगजनों के लिए अलग से घोषणा पत्र बनाएगी। सरकार में दिव्यांगजनों को पेंशन और अन्य लाभ दिए जाएंगे। मोटर से चलने वाली साइकिल देंगे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि जब समाजवादी पार्टी ने महिलाओं को 40 हजार रुपये देने का वादा किया था, तब भाजपा के लोग क्या-क्या बातें कर रहे थे। कहते थे बजट कहां से लाएंगे। अब वे भी घोषणा कर रहे हैं। चुनाव से पहले कुछ देंगे, चुनाव बाद कुछ और देंगे। भाजपा झूठे वायदे करती है।



# कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर रहे अखिलेश

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। यूपी की सभी विधानसभाओं की बूथ स्तर तक समीक्षा कर रहे हैं और फीडबैक लेने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर उन्हें चुनावी रणनीति के लिए जरूरी टिप्स दे रहे हैं।

11 सितंबर को कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर हर हाल में लोकतंत्र और संविधान को बचाना है। पार्टी कार्यकर्ता दिन-रात एक कर बूथ के कार्यों में जुटे रहें। भाजपा की साजिश और षडयंत्रों पर नजर रखें। भाजपा सत्ता से हटेगी तभी जनता को अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार से राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का लोकतंत्र और संविधान पर भरोसा है। समाजवादी पार्टी सबको साथ लेकर चलती है। समाजवादी पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों को समझती है। समाजवादी पार्टी कभी भाजपाइयों जैसा आचरण नहीं कर सकती है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता नेता और समर्थक संयम से रहें। अपनी भाषा, व्यवहार को मर्यादित रखें।

10 सितंबर को प्रदेश के सभी जिलों से आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार आने की चर्चा से भाजपाई बौखला गए है और उन्हें पता चल गया है कि उनका राजपाट अब जाने ही वाला है।

9 सितंबर को प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की दुश्मन है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को तहस-नहस करने पर उतारू

है।भाजपा नफरत फैलाने को अपनी सफलता मानती है। समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं को भाजपा से सावधान रहना है।

31 अगस्त को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में प्रदेश के जिला/महानगर अध्यक्षों और बूथ स्तर पर एप के माध्यम से क्रियाशील प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि जनता भाजपा को हटाने के लिए तैयार है। ऐसे में भाजपा साजिश कर सकती है। उससे सावधान रहना है। पीडीए परिवार को बढ़ाकर सामाजिक न्याय के राज की स्थापना करने के लिए पीडीए की सरकार बनाना है। इस बार किसी भी स्तर पर चूक नहीं करनी है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करती है। हर स्तर पर भ्रष्टाचार भाजपा का एजेंडा है। मतदाता सूची में गड़बड़ी करने का षड़यंत्र कर रही है। सभी लोग जिम्मेदारी से काम करें, बूथ पर वोट डालने के लिए तैयार रहें।

श्री अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं और नेताओं को निर्देश दिया कि वे अपना व्यवहार ठीक रखें। भाषा संयमित हो। अनुशासन सर्वोपरि हो। सब लोग जिम्मेदारी से काम करें। समाजवादी पार्टी अपनी नीति और कार्यक्रम के आधार पर चुनाव में जाएगी और 2027 में सरकार बनाएगी। जनता समाजवादी पार्टी की तरफ बहुत उम्मीदों से देख रही है। समाजवादी पार्टी की सरकार में हर वर्ग के साथ न्याय होगा। सबको हक और सम्मान मिलेगा।

24 अगस्त को राज्य मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुखातिब होते हुए श्री





अखिलेश यादव ने कहा कि सभी राजनीतिक दल चुनाव की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन चुनाव समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच ही होगा। जनता अब भाजपा सरकार को हटाना चाहती है।

20 अगस्त को राज्य मुख्यालय पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए समाज भाजपा को हटाने के लिए सौ फीसदी निर्णय कर चुका है। इसलिए भी भाजपा पीडीए समाज का उत्पीड़न कर रही है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर रही है।

18 अगस्त को प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुखातिब होते हुए श्री अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं को समझाया कि 2027 का विधानसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं को एकजुट होकर बूथ मजबूत करके भाजपा सरकार को हटाना है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जो प्रत्याशी तय करेगी सभी को मिलकर उसे विजयी बनाना है।

# दौरों का संदेश आ रहे हैं अखिलेश



बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव का उत्तर प्रदेश के जिलों के दौरों के दौरान उमड़ रहा जन सैलाब स्पष्ट संदेश दे रहा है कि 2027 में श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का जनादेश हो चुका है।

हाल के दिनों में सहारनपुर और औरैया जिलों में पहुंचे श्री अखिलेश यादव का स्वागत करने के लिए जनता उमड़ पड़ी। यूपी में 2024 में हुए लोकसभा चुनाव से ही समाजवादी पार्टी के पक्ष में बयार बह रही है।

2 सितंबर को श्री अखिलेश यादव एक दिवसीय दौरे पर सहारनपुर पहुंचे। सहारनपुर में समाजवादी पार्टी के बड़ी संख्या में नेताओं, कार्यकर्ताओं ने श्री अखिलेश यादव का दर्जनों स्थानों पर भव्य स्वागत किया। दौरे में श्री अखिलेश यादव सर्व प्रथम सहारनपुर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रूद्रसेन के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

मीडिया से बात करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। किसानों को खाद नहीं मिल रही है। गन्ने का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। खेती का लागत मूल्य बढ़ गया है लेकिन किसान को फसल की सही कीमत नहीं मिल रही है। भाजपा ने किसानों-नौजवानों को धोखा दिया है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी चाहती है कि अग्निवीर योजना समाप्त हो, नौजवानों को सेना में पक्की नौकरी मिले। छात्रों, नौजवानों के लिए स्पोर्ट्स सिटी बने। जनता भाजपा के भ्रष्टाचार को देख रही है। विधानसभा चुनाव में जनता इसका हिसाब करेगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। हर चीज का दाम बढ़ गया है। गरीबों को इलाज नहीं मिल रहा है। समाजवादी पार्टी विधानसभा चुनाव में सहारनपुर और अन्य जिलों के लिए जरूरत के हिसाब से घोषणा पत्र बनाएगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि जनता भाजपा को समझ चुकी है। जनता

विधानसभा चुनाव में भाजपा को हटाकर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएगी। आरक्षण को लेकर एक सवाल पर श्री यादव ने कहा कि आरक्षण था, आरक्षण है और आरक्षण रहेगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रूद्रसेन, मुजफ्फरनगर से सांसद हरेंद्र मलिक, कैराना की सांसद चौधरी इकरा हसन, चौधरी इन्द्र सेन, विधायक अतुल प्रधान, शायान मसूद, जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद मौजूद रहे।

श्री अखिलेश यादव ने सहारनपुर के पूर्व सांसद श्री फजलुर्रहमान के आवास पर पहुंच कर नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। मुजफ्फरनगर से सांसद हरेंद्र मलिक, विधायक आशू मलिक, विधायक अतुल प्रधान, पूर्व विधायक मनोज चौधरी समेत बड़ी संख्या में अन्य नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

6 सितंबर को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव औरैया जिले के दौरे पर थे। यहां विधूना स्थित श्री वाटिका गेस्ट हाउस पहुंचकर श्री अखिलेश यादव ने श्री धर्मपाल सिंह के पुत्र गौरव रघुवंशी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री गौरव रघुवंशी के परिवारीजनों से मुलाकात के बाद श्री अखिलेश यादव ने विधूना के नई मस्जिद कालोनी स्थित श्री अम्मार सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद नदीम सिद्दीकी के आवास पर पहुंचकर परिवारीजनों से मुलाकात की।

औरैया में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान और कानून से नहीं चल रही है। पूरी तरह से फेल है। सहारनपुर में मस्जिद गिरा दी गई। उन्होंने कहा कि भाजपा सौहार्द विरोधी है। जिन लोगों ने सहारनपुर में मस्जिद गिराई है और जो लोग गिराने में शामिल हैं, कानून उन्हें सजा देगा। अगर किसी को दूसरे कोर्ट में जाने का मौका नहीं देंगे और 12 घंटे में कार्रवाई कर देंगे तो न्याय कैसे मिलेगा? सहारनपुर में मस्जिद गिराने की क्या जल्दी थी, अगर मस्जिद के पक्षकार न्याय के लिए हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट चले जाते तो क्या दिक्कत हो जाती?

उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा मस्जिद गिराने से लोग दुःखी हैं। यही सब लोग मिलकर सांप्रदायिक भाजपा को हटाने का काम करेंगे। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि हमारा समाज तब मजबूत होगा, जब दूसरे धर्म का सम्मान करेंगे। सच्चा, सनातनी, एक सच्चा संत और सच्चा हिन्दू कभी दूसरे धर्म का अपमान नहीं कर सकता है।





# माता-बहनों की सुरक्षा और सम्मान को अचूक रखने का ऐलान

बुलेटिन ब्यूरो

रक्षाबंधन पर्व के पूर्व दिवस पर 27 अगस्त को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ और रक्षाबंधन पर 28 अगस्त को सैफई में प्रदेश भर से सैकड़ों महिलाएं अपने 'प्रिय भैया जी' समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव की कलाई पर राखी बांधने के लिए उमड़ पड़ीं। बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाओं ने भी अखिलेश जी को रक्षाबंधन पर बधाई दी।

श्री यादव ने सभी का सम्मान करते हुए उन्हें पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर श्री अखिलेश यादव ने कहा कि दुनिया में भारत ही ऐसा देश है जहां रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। बहन राखी बांधती हैं और भाई रक्षा का संकल्प लेता है। समाजवादी पार्टी का संकल्प है कि भविष्य में माता-बहनों की सुरक्षा और सम्मान में कोई चूक नहीं होगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि आधी आबादी की खुशहाली के लिए समाजवादी सरकार में महिलाओं को 40 हजार सालाना धनराशि स्त्री सम्मान समृद्धि योजना के अंतर्गत दी जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समाजवादी सरकार में बहनों की स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के लिए काम करेंगे तथा निर्णय लेंगे, गैर बराबरी को दूर करेंगे।

बड़ी संख्या में बहनों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को राखी बांधकर उनकी सफलता और प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का आशीर्वाद दिया। श्री अखिलेश यादव ने सभी को उपहार देकर उनका सम्मान किया किया और रक्षाबंधन की बधाई दी।

पूर्व सांसद श्रीमती कनकलता सिंह, पूर्व एमएलसी श्रीमती कांति सिंह, स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र जी की पुत्री श्रीमती मीना तिवारी, महिला समाजवादी राष्ट्रीय

अध्यक्ष सीमा राजभर, महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रूक्मिणी देवी, किन्नर सभा की प्रदेश अध्यक्ष पायल सिंह तथा अंजली मसीह ने पर्व की खुशियां मनाते हुए श्री अखिलेश यादव को मिठाई खिलाई।

28 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व पर सैफई में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री अखिलेश यादव ने बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, किसानों की समस्याओं, खाद संकट को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने देश के सामने संकट पैदा किया है, भाजपा सत्ता से हटेगी तभी संकट खत्म होगा।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि जब जब कोई त्योहार आता है, भाजपा सरकार महंगाई बढ़ा देती है। देश में महंगाई बढ़ने का कारण मुनाफाखोरी है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि चंदे के लिए मुनाफाखोरी करके महंगाई बढ़ाई जा गई है। मुनाफे में बंटवारा हो रहा है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के सामने संकट पैदा किया है। यह सरकार किसानों को उनकी फसलों की कीमत नहीं दे रही है। सरकार जब बड़ी-बड़ी कंपिनयों से एमओयू कर लेगी तो गरीब किसान क्या करेगा?

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में बड़े पैमाने पर अवैध काम हो रहे हैं। भाजपा के मंत्री और विधायक जमीनों पर कब्जा करवा रहे हैं। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है, स्वास्थ्य सेवाएं बर्बाद हैं। पूरे प्रदेश में फ्लू फैला है। लोगों को दवा और इलाज नहीं मिल पा रहा है।







# भाजपा राज में बंद स्कूलों पर सपा की दस्तक, शिक्षकों का सम्मान









बुलेटिन ब्यूरो

शिक्षक दिवस, 5 सितंबर के अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी द्वारा भाजपा सरकार में पूरे उत्तर प्रदेश में बंद हो चुके स्कूलों पर 'पाठशाला पुकारे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उन स्कूलों तक पहुंचे जिन्हें भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। स्कूलों के सामने 'पाठशाला पुकारे' कार्यक्रम के तहत शिक्षकों का सम्मान किया गया और संकल्प लिया गया कि 2027 में समाजवादी सरकार बनने पर इन स्कूलों को फिर शुरू किया जाएगा।

'पाठशाला पुकारे' कार्यक्रम के तहत जनपद लखनऊ की चारों विधानसभाओं एवं मोहनलागंज विधानसभा के बंद प्राथमिक विद्यालयों तक समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पहुंचे।

उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में समाजवादी पार्टी ने बंद हो चुके स्कूलों पर पहुंचकर भाजपा सरकार की पोल खोली और लोगों को शिक्षा के प्रति जागरुक करते हुए उन्हें बताया कि शिक्षा उनका अधिकार है। भाजपा सरकार लोगों खासतौर पर पीडीए समाज को शिक्षा से दूर रखने की साजिश कर रही है मगर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव की पैनी नजर और सतर्कता के कारण भाजपा पीडीए के अधिकारों को खत्म नहीं

कर सकती है।

बीकेटी विधानसभा के ग्राम विशम्भरखेड़ा, विश्रामपुर इन्दौराबाग, कमलापुर, खानीपुर, हीरनखुरी के प्राथमिक विद्यालय, सरोजनी नगर विधानसभा में ग्राम पालखेड़ा, बचानखेड़ा, शिवरी, गद्दीखेड़ा, लालनगर के प्राथमिक विद्यालय और मलिहाबाद विधानसभा में महमूदनगर, महबूबखेड़ा, सुभाननगर, चौना, दतली, बड़ी-गढ़ी, गांगन, भदराही, दलथम्बा, भनौरा, बन्डाखेड़ा में स्थित प्राथमिक विद्यालयों के निकट शिक्षक दिवस का आयोजन कर शिक्षाविद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर मार्ल्यापण किया गया।

साथ ही मौजूद बच्चों में मिठाइयां एवं स्टेशनरी बांटकर उनका हौसला बढ़ाया गया। शिक्षा के महत्व से उन्हें अवगत कराया गया।

विधानसभा मोहनलालगंज में आयोजित कार्यक्रम में सांसद आरके चौधरी, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, पूर्व जिलाध्यक्ष आशिक अली, विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, राष्ट्रीय सचिव महिला सभा वीना रावत आदि मौजूद रहे।

वहीं विधानसभा बीकेटी के प्राथमिक विद्यालय इन्दौराबाग में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', प्रदेश सचिव दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा सिकन्दर यादव, प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा विनीत कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

विधानसभा सरोजनी नगर में ग्राम पालखेड़ा, बचानखेड़ा, शिवरी, गद्दीखेड़ा एवं लालनगर स्थित प्राथमिक विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, प्रदेश सचिव चौधरी ज्ञान सिंह, विधानसभा अध्यक्ष चन्द्रशेखर यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड नागेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

विधानसभा मलिहाबाद में ग्राम महमूदनगर, महबूबखेड़ा, सुभान नगर, चौना, दतली, बड़ी-गढ़ी, गांगन, भदराही, दलथम्बा, भनौरा एवं बन्डाखेड़ा में शिक्षक दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादव, प्रदेश सचिव रामगोपाल यादव, विधानसभा अध्यक्ष सोनीश कुमार मौर्या आदि मौजूद रहे।

प्रवक्ता फखरूल हसन चांद, ज्ञानेंद्र लोधी मीसम जैदी, मुस्कान मिश्रा, महेंद्र यादव ने गोमतीनगर में दलित बस्ती मे पीडीए पाठशाला लगाई। बच्चों को स्कूल बैग किताब कॉपी आदि उपलब्ध कराया।

पश्चिम विधानसभा में विधायक अरमान खान के कार्यालय राजाजीपुरम, जबकि उत्तर विधानसभा में भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड में प्राथमिक विद्यालय पलटन छावनी कदम






# शिक्षा विकल्प नहीं बल्कि हमारा संकल्प -अखिलेश

बुलेटिन ब्यूरो

शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर को गोमतीनगर स्थित लखनऊ पब्लिक कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। लखनऊ पब्लिक स्कूल संस्थापक एवं सांसद एसपी सिंह पटेल ने श्री अखिलेश यादव का स्वागत किया।

श्री अखिलेश यादव ने शिक्षकों, छात्रों और शिक्षा से जुड़े सभी लोगों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा हमारा विकल्प नहीं संकल्प है। विकसित भारत तभी बनेगा जब शिक्षा पर ध्यान दिया जाएगा। हम सभी लोगों को संकल्प लेना चाहिए कि हमेशा शिक्षा और शिक्षकों का सम्मान करेंगे। हम लोग शिक्षा विरोधियों, तंग सोच वाले रूढ़िवादियों और सामंतवादियों के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे। ये रूढ़िवादी लोग एकरंगी हैं। ये हिन्दुस्तानियत को पसंद नहीं करते हैं।

कार्यक्रम में श्री अखिलेश यादव ने 2000 शिक्षकों को सम्मानित किया। इनमें लखनऊ पब्लिक स्कूल के 18 शाखाओं के प्रिंसिपल भी शामिल थे। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी की लखनऊ स्नातक क्षेत्र से एमएलसी प्रत्याशी एवं पूर्व एमएलसी श्रीमती कान्ती सिंह एवं लखनऊ शिक्षक क्षेत्र से एमएलसी प्रत्याशी सुशील कुमार ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव का स्वागत किया।

कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाज में सौहार्द बनाये रखना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। सरकार की प्राथमिकता भी सौहार्द होनी चाहिए। सच्चा सनातनी सौहार्द पसंद होता है। भाजपा सरकार सौहार्द विरोधी है।



















रसूल वार्ड में प्राथमिक विद्यालय इरादत मलाही टोला द्वितीय वार्ड में प्राथमिक विद्यालय, पूर्वी विधानसभा द्वारा महानगर कार्यालय, मध्य विधानसभा में हजरतगंज-रामतीर्थ वार्ड में शमा चौराहा के पास प्राथमिक विद्यालय नरही व कैंट विधानसभा में बाबू कुंज बिहारी वार्ड में जनता गर्ल्स इण्टर कालेज के पास शिक्षक दिवस एवं 'पाठशाला पुकारे' कार्यक्रम किया गया।

विधायक रविदास मेहरोत्रा के नेतृत्व में नरही में 'पाठशाला पुकारे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लखनऊ मध्य विधानसभा क्षेत्र के हजरतगंज-नरही वार्ड में अगल-बगल स्थित राजकीय इंटर कॉलेज नरही एवं प्राथमिक विद्यालय नरही को बंद किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया गया।

# नीले रंग में रंगी समाजवादी छात्र सभा

## छात्र जागरुकता अभियान चलाने की घोषणा



बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने 8 सितंबर को सपा के राज्य मुख्यालय लखनऊ में समाजवादी छात्र सभा के लिए नया यूनिफार्म लॉन्च किया। समाजवादी छात्र सभा के नए यूनिफार्म में नीले रंग की टी-शर्ट और नीले रंग की जींस होगी। टी शर्ट पर समाजवादी छात्र सभा का लोगो भी छपा है।

यूनिफार्म लांच करने के बाद समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि मुझे खुशी है कि लोगों ने समाजवादी छात्र सभा की नई ड्रेस के नीले रंग को लोकतंत्र, विचारधारा और संविधान से जोड़ा है। नीला रंग बहुजन समाज और बाबा साहब के साथ तो रहा ही है ब्लू कलर अन्याय के खिलाफ भी माना जाता है।

यूनिफार्म को लांच करने के बाद छात्र सभा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में सपा मुखिया ने उन्हें 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अहम टिप्स भी दिए।

श्री यादव ने कहा कि 2027 में होने जा रहा चुनाव दरअसल लोकतंत्र को बचाने वाला होगा। सभी को एकजुट होकर भाजपा को सत्ता से हटाना है। जनता भाजपा सरकार से त्रस्त है और उसे सत्ता से हटाने के लिए तैयार है। युवाओं को बूथों पर डट जाना है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी छात्र सभा दो सप्ताह का कार्यक्रम तय कर कॉलेज और विश्वविद्यालयों में छात्र जागरुकता अभियान चलाएगी। सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता छात्रों को सदस्य बनाकर, समाजवादी विचारधारा को छात्रों तक पहुंचाएंगे।

उन्होंने कहा कि पीडीए पौधारोपण के बाद विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिविर लगाकर संपर्क कार्यक्रम तथा पर्चा वितरण, विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों में छात्र-

छात्राओं से सुझाव पत्र भरवाए जाएंगे। संगोष्ठी में वर्तमान राजनीति में छात्र-छात्राओं एवं युवाओं की भूमिका पर चर्चा होगी जबकि मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित होगा।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि नई पीढ़ी की सोच नई होती है। उसी दिशा में काम कर समाजवादी पार्टी छात्रसभा को नई यूनिफार्म देकर छात्रों के बीच समाजवादी विचारधारा को पहुंचाने का काम करेगी।

उन्होंने कहा कि यूनिफार्म सिर्फ यूनिफार्म नहीं होती है, इससे गैरबराबरी खत्म होती है। सब एक तरह से दिखाई देता है। यूनिफार्म यूनिफॉर्मिटी लाती है। इसीलिए छात्रसभा के नौजवान नई सोच, नई विचारधारा के साथ काम करते हुए कालेज-विश्वविद्यालयों में छात्रों को जोड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए पॉजिटिव, डेमोक्रेटिक और अफरमेटिव एक्शन के लिए जाना जाता है। पीडीए का मतलब प्रेम, दया, अपनापन भी है। हम लोग जितने प्रेम से व्यवहार, दया और अपनापन से काम करेंगे, उसी से समाजवादी छात्रसभा और लोगों को जोड़ेगी।

उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की बात वर्षों पुरानी है। सिर्फ न्याय से बात नहीं बनेगी इसलिए पीडीए के लोगों को जोड़कर सामाजिक न्याय के राज की स्थापना का काम करेंगे। सपा के सामाजिक न्याय के राज में किसी के साथ भेदभाव,पक्षपात नहीं होगा। इसमें कोई नकारात्मक चीज नहीं होगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि हमारे देश की पहचान अनेकता में एकता है। अनेक जाति धर्म के लोग मिलकर कर एक साथ रहते हैं। हमारे महापुरुषों ने वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया। हम लोग उसी रास्ते पर चलकर बंधुराष्ट्र बनाने का काम करेंगे। समाजवादी छात्र सभा का संदेश बंधुराष्ट्र का है। समाज में जितना सौहार्द होगा, भविष्य उतना बेहतर होगा। लोकतंत्र यही रास्ता दिखाता है। बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर का संविधान भी यही रास्ता दिखाता है।

श्री यादव ने कहा कि इधर जेन जी, एल्फा समेत नई पीढ़ी की बात हो रही है। उनके बीच में नई सोच और नए विचारों के साथ सपा के छात्र नौजवान जोड़ने का काम करेंगे। छात्र सभा के नौजवान जब कालेज कैम्पस में जाएंगे तो नए विचार मिलेंगे, समाजवादी पार्टी छात्रों के नए विचारों को अपने चुनाव घोषणा पत्र में शामिल करेगी।



# पश्चिमी यूपी सिखाएगा भाजपा को सबक - अखिलेश



बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने राजनीतिक फायदे के लिए संपन्न पश्चिमी उत्तर प्रदेश में साम्प्रदायिकता व जातिगत विभाजन पैदा करके नियोजित तरीके से अर्थव्यवस्था पर चोट की है।

भाजपा सरकार ने खेती-किसानी, उद्योग चौपट कर दिया। हैंडीक्राफ्ट-एक्सपोर्ट बर्बाद कर दिया। सरकारी नौकरी में भर्ती नहीं हो रही है। खेल को प्रोत्साहन नहीं मिल रहा है। शिक्षा छीनी जा रही है। कला के वैकल्पिक व्यवसाय पर 18 राउंड गोली मारी जा रही है। श्रमिक असंतोष को बढ़ने दिया जिससे कि कारखाने खत्म हो जाएं।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों पर अत्याचार हो रहा है। किसानी की जमीन को छीनने का प्रयास हो रहा है। जीएसटी के भ्रष्टाचार से छोटे व्यापारियों को मारा जा रहा है। खिलाड़ियों का अपमान हो रहा है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा

# 'किसान नेताओं पर जुल्म भाजपा की बौखलाहट'

बुलेटिन ब्यूरो

मेरठ के दिग्विजय भाटी और मोहित जाटव ने 30 अगस्त को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के सामने पुलिस कप्तान अविनाश पाण्डेय द्वारा उनके खिलाफ किए गए दुर्व्यवहार और पुलिसिया जुल्म की दास्तां बयां की तो सुनने वालों की रूह कांप उठी।

श्री दिग्विजय सिंह भाटी ने बताया कि वे और मोहित जाटव 17 अगस्त 2026 को लखनऊ में श्री अखिलेश यादव से मिलने आए थे। अब उन पर फर्जी मुकदमें लगाए जा रहे हैं। 19 अगस्त 2026 को पुलिस कप्तान श्री अविनाश पाण्डेय ने दोनों साथियों को बुलाया।

उनके कार्यालय में जाते ही पुलिस कप्तान ने गालियां देते हुए कहा कि तुम गूजर नेता बनते हो, तुम दलित हो। तुम सबको नेता बनाता हूं। इसके बाद अलग कक्ष में ले जाकर दोनों की बुरी तरह पिटाई की गई। उनके पैर ऊपर बांध कर पीटा गया। कप्तान की मार से दिग्विजय भाटी के आंख पर गंभीर चोट लगी। मोहित जाटव को भी यातनाएं दी गईं।

श्री दिग्विजय भाटी एवं श्री मोहित जाटव ने बताया कि रात में उन्हें सिविल लाइंस थाना लाया गया फिर जीप पर बिठाकर 3-4 किमी. तक घुमाते रहे। उनके एनकाउंटर की योजना थी। इस बीच सूचना पाकर विधायक श्री अतुल प्रधान ने जीप के आगे अपनी गाड़ी लगा दी और पुलिस के रवैये पर रोष जताया। तब इन लोगों को छोड़ा गया।

श्री अखिलेश यादव ने किसान नेताओं पर थाने में थर्ड डिग्री देने की निंदा करते हुए कहा कि यह दर्शाता है कि भाजपा हार के डर से कितनी बौखलाई हुई है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि देश भर के किसान देख लें कि भाजपा और उसके सहयोगी किस तरह सत्ता सुख के गुरूर में लीन रहकर किसानों पर अत्याचार कर रहे हैं। इस मामले की गहरी जांच हो और हर दोषी के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई हो और बर्खास्तगी भी हो।



व्यवस्था को बर्बाद कर रही है। स्कूल व जौहर यूनिवर्सिटी बंद करने की साजिश हो रही है। नारी को डराकर घर बैठाने की साजिश हो रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की दस्तकारी-हस्तकारी को जानबूझकर खत्म किया जा रहा है। अमेरिकी डील का सबसे ज्यादा नुकसान पश्चिमी उत्तर प्रदेश को हुआ है क्योंकि यहां के किसान भी मारे गए और टैरिफ बढ़ने से मुरादाबाद, अलीगढ़, सहारनपुर, मेरठ और बाकी जगह के कारखाने और हस्तशिल्प भी।

उन्होंने कहा कि श्रमिकों का इतना बड़ा आंदोलन हुआ। सामाजिक सौहार्द बिगाड़कर कारोबारियों को डराया गया। गौतम बेटी को मारकर पीडीए पर अत्याचार किया। पुलिस से राठी के मुंह पर लात मरवाई और जाटव भाई के साथ जुल्म-ज्यादती की। भाजपा और उसके सहयोगियों के लिए 2027 के चुनाव में सबसे अप्रत्याशित परिणाम पश्चिमी उत्तर प्रदेश से ही आएगा।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वोटों का सौदा कोई नहीं कर पाएगा क्योंकि 10-15 सालों से लगातार हो रहे उत्पीड़न, उपेक्षा, अत्याचार से अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान, मजदूर-श्रमिक, हस्तकार, युवा, महिला, खिलाड़ी, कलाकार, दुकानदार, व्यापारी-कारोबारी, एक्सपोर्टर, उद्योगपति सब जागरुक हो गए हैं, वे अब किसी के बहकावे में नहीं आएंगे।

# पश्चिमी यूपी के किसानों व खाप चौधरियों का संकल्प

# अखिलेश को बनाएंगे सीएम

बुलेटिन ब्यूरो



पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों और कई खापों के चौधरियों ने 14 सितंबर को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव से भेंट की।

श्री अखिलेश यादव ने किसानों से बात करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों की अपनी पार्टी है। 2027 का विधानसभा चुनाव किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह चुनाव किसानों के भविष्य का चुनाव है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने दस वर्षों में किसानों को धोखा दिया है। इस सरकार में किसानों को कभी समय पर खाद-बीज नहीं मिल पाया।

भाजपा सरकार में कमीशनखोरी और मुनाफाखोरी चरम पर है। जब किसानों को खाद की जरूरत होती है, तब खाद गायब हो जाती है। किसानों को फसलों का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। भाजपा का मूल चरित्र किसान विरोधी है। भाजपा ने हमेशा किसानों की उपेक्षा की।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर किसानों को गन्ना मूल्य 24 घंटे में भुगतान होगा। किसानों को भरपूर बिजली दी जाएगी। खाद, बीज, पानी, सिंचाई की समुचित व्यवस्था होगी। किसानों को खाद के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। किसानों की फसलों का लाभकारी मूल्य दिया जाएगा।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सरकार में प्राथमिकता से गांवों का विकास होगा। किसानों के हित में फैसले लिए जाएंगे। समाजवादी पार्टी के लिए किसान सर्वोपरि है। समाजवादी पार्टी की पिछली सरकारों में किसानों के हित में बड़े-बड़े फैसले लिए थे जिसे किसान आज भी याद कर रहे हैं।

किसानों ने कहा कि उन्हें श्री अखिलेश यादव

पर भरोसा है। वह कृषि और कृषक परिवारों की परेशानियों से परिचित हैं। अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में उन्होंने खेती का बजट बढ़ाया था। किसानों को तमाम सुविधाएं दी थीं। सभी खाप के प्रतिनिधि किसानों के संकल्प लिया कि वे 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को बहुमत दिलाकर श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए एकजुट प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर बुढ़ाना मुजफ्फरनगर के चौधरी विरेन्द्र प्रधान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव को हल भेंट किया। श्री अखिलेश यादव से मुलाकात करने वालों में समाजवादी पार्टी के सिवाल खास मेरठ के नेता श्री गौरव चौधरी, के साथ खोकर खाप के चौधरी सुभाष खोकर बागपत, मान खाप के चौधरी मोहन लाल मान छपरौली, मलिक खाप के चौधरी आजाद मलिक बागपत, दांगी खाप के चौधरी धर्मपाल (बीकेटी) बड़ौत के साथ किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव मेरठ कपिल पूनिया, छपरौली के महिपाल सिंह मान, मेरठ के अनुज पूनिया, छपौली के प्रमोद, चौधरी रामवीर प्रधान जी पूरा महादेव, चौधरी कल्लू डीलर पूरा महादेव उर्मिला चौधरी मेरठ, श्री जयवीर बालियान पहलवान, श्री रवि बालियान, चौधरी श्री विरेन्द्र बालियान प्रधान शामिल रहे।

मुलाकात के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल भी मौजूद रहे।

इससे पहले भारतीय किसान यूनियन (बीआर अंबेडकर) से सम्बद्ध किसानों का एक बड़ा दल अमरोहा से ट्रैक्टर ट्राली से 400 किमी का सफर तय कर 17 अगस्त को लखनऊ पहुंचा और समाजवादी पार्टी के



राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव से मुलाकात की।

किसानों के दल का नेतृत्व डॉ. दिविग्वजय भाटी कर रहे थे। किसानों ने संकल्प लिया कि सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के लिए श्री अखिलेश यादव का मुख्यमंत्री बनना बेहद जरूरी है इसलिए किसान 2027 में समाजवादी सरकार बनाने को संकल्पित हैं।

समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में किसानों के दल को संबोधित करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में किसानों की कहीं सुनवाई नहीं है। जनता परेशान है, उसकी कमर मंहगाई और भ्रष्टाचार ने तोड़ दी है। जब भाजपा राज का अंत होगा तभी सभी समस्याओं और परेशानियों का समाधान होगा।

अंबेडकर सेना मेरठ के राष्ट्रीय संयोजक मुकेश सिद्धार्थ ने बहुचर्चित ललिता गौतमकांड में न्याय की लड़ाई के दौरान श्री अखिलेश यादव द्वारा उनकी पीड़ा को समझकर मदद करने के लिए आभार जताया।

श्री यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में कई योजनाएं शुरू की थी। जिससे सभी लोगों को सुविधा मिले। सभी खुशहाल रहे किन्तु भाजपा सरकार ने इन सभी जनहित की सुविधाओं को बर्बाद कर दिया है। भाजपा सरकार में किसान सबसे ज्यादा परेशान है।

किसान नेताओं ने एक स्वर में कहा कि देश-प्रदेश को बचाना है तो श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है और सामाजिक न्याय की व्यवस्था लाना है। लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण बचाना है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2027 के अब कुछ दिन ही बचे हैं। जनता में बहुत जोश है। भाजपा राज से छुटकारा पाने के लिए सभी समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए पीडीए बूथ स्तर तक संकल्पित हैं।



# कुशवाहा, शाक्य, मौर्य, सैनी समाज की आबादी को गिना जाए -अखिलेश

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने ऐलान किया है कि 2027 में समाजवादी सरकार बनने पर चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती पर छुट्टी घोषित की जाएगी और लखनऊ के सबसे महत्वपूर्ण स्थान गोमती रिवर फ्रंट पर बाबू जगदेव कुशवाहा की प्रतिमा लगाकर स्मारक बनाएगा।

श्री अखिलेश यादव ने यह ऐलान 7 सितंबर को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में बिहार के समाजवादी नेता श्रद्धेय बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा के शहादत दिवस पर कुशवाहा, शाक्य, मौर्य, सैनी समाज के सम्मेलन में किया। श्री अखिलेश यादव ने शहीद बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि श्री अखिलेश यादव ने जातीय जनगणना कराने की मांग दोहराते हुए कहा कि कुशवाहा, शाक्य, मौर्य, सैनी समाज के लोग आबादी में ज्यादा हैं लेकिन संख्या कम बताई जाती है। इनकी गिनती होनी चाहिए। आबादी के हिसाब से हक और सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरक्षण था, आरक्षण है और आरक्षण रहेगा, जो लोग सुरंग में रहकर आरक्षण के खिलाफ साजिश कर रहे हैं, उनकी सुरंगवादी सोच को नहीं चलने दिया जाएगा।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई बहुत पुरानी है। भाजपा सामाजिक न्याय की विरोधी है। नकारात्मक राजनीति करती है। विपक्ष पर झूठे आरोप लगाती है। बदनाम करती है। भाजपा बाबा साहब का संविधान और कानून नहीं मानती है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब का संविधान बचाने और सामाजिक न्याय के लिए पीडीए सरकार बनाना जरूरी है। भाजपा के खिलाफ पीडीए ही विकल्प है। पीडीए की लड़ाई बड़ी है। पीडीए की एकजुटता से भाजपा घबराई है। तरह-तरह का षड्यंत्र कर रही है। भाजपा गरीबों, कमजोरों पर अन्याय कर रही है। उसका एजेंडा नफरत फैलाना है। उन्होंने कहा कि सच्चा सनातनी कभी दूसरे से नफरत नहीं करता है और दूसरे के साथ अन्याय नहीं करता है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि इस सम्मेलन

में सामाजिक न्याय की लड़ाई को लड़ने वाले बड़ी संख्या में लोग मौजूद हैं। सभी ने पीडीए समाज को जोड़ने तथा पीडीए आंदोलन को और मजबूत करने का संकल्प लिया है। सबने मिलकर पीडीए सरकार बनाने और सामाजिक न्याय के राज की स्थापना का संकल्प लिया है जिससे सबको हक और सम्मान मिले।

श्री यादव ने कहा कि श्रद्धेय बाबू जगदेव कुशवाहा ने अपना पूरा जीवन वंचित, शोषित तबके को न्याय दिलाने और सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने में लगा दिया।

श्री अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि समाजवादी सरकार में प्रदेश में भगवान बुद्ध से जुड़े स्थानों कपिलवस्तु, श्रावस्ती, कुशीनगर, सिद्धार्थ नगर, सारनाथ, सोनभद्र और अन्य में विश्वस्तीय इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित कर दुनिया से जोड़ने और सुविधाएं देने का काम होगा।

सम्मेलन की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने की। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, सांसद बाबू सिंह कुशवाहा, नीरज मौर्य एवं देवेश शाक्य, विधायक ऊषा मौर्य, राम अवतार सैनी, पूर्व एमएलसी श्रीमती लीलावती कुशवाहा, कार्यक्रम संयोजक जयपाल सैनी, कार्यक्रम संचालक अवनीश कुशवाहा पूर्व विधायक, जगदीश कुशवाहा पूर्व सांसद, आलोक शाक्य, डॉ. नवल किशोर शाक्य, प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा विनीत कुशवाहा, आरएस कुशवाहा, दीनानाथ कुशवाहा, अमरनाथ मौर्य, वैभव सैनी प्रदेश उपाध्यक्ष छात्र सभा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।







# खंगार-अर्कवंशी समाज को मिलेगा राजनीतिक सम्मान -अखिलेश



बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती 30 अगस्त पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से सैकड़ों की संख्या में खंगार समाज के लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

पराक्रमी महाराजा पृथ्वीराज चौहान के घनिष्ठ मित्र गुजरात के जूनागढ़ के राजा महाराजा खेत सिंह खंगार ने अपने पराक्रम के बल पर गढ़ कुंडार एवं महोबा का राज्य भी प्राप्त कर लिया था। वर्तमान बुंदेलखंड का नाम बदलकर अपनी जुझारू नीतियों के चलते जुझौतिखंड रखा था।

जयंती समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए श्री अखिलेश यादव नñप्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर खंगार-अर्कवंशी समाज को राजनीतिक सम्मान देकर उनका मनोबल बढ़ाएंगे।

श्री अखिलेश यादव ने खंगार समाज को भरोसा दिलाया कि लखनऊ की सबसे प्रतिष्ठित और कीमती जगह गोमती रिवरफ्रंट पर महाराजा खेत सिंह खंगार की अष्टधातु की प्रतिमा लगाकर सम्मान देंगे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि महाराजा खेत सिंह खंगार का शानदार इतिहास है। वह वीर पुरुष थे। अनेक लड़ाइयों में उनकी बड़ी भूमिका रही है। महाराजा खेत सिंह खंगार ने जितनी वीरता के साथ, उस समय मुकाबला किया, अपने समाज के लिए काम किया, उन्हें उतना सम्मान नहीं मिला।

श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी चाहती है कि जातीय जनगणना हो और खंगार समाज को आबादी के हिसाब से हक और सम्मान मिले।

श्री यादव ने कहा कि अगर भाजपा सरकार

जातीय जनगणना नहीं कराएगी तो समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही तीन महीने में जातीय जनगणना कराकर आबादी के हिसाब से हक दिलाएंगे, उसके साथ ही खंगार समाज को राजनीतिक सम्मान दिलाएंगे। कई जिलों में खंगार समाज की आबादी काफी ज्यादा है लेकिन राजनीतिक सम्मान नहीं मिला।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में संडीला में ऐतिहासिक कार्यक्रम हुआ था। हरदोई, बुन्देलखंड समेत अन्य जिलों से बड़ी संख्या में अर्कवंशी समाज के लोग आए थे। उस समय जो एक दल हमारे साथ थे, हमें ही धोखा देकर चले गए। अगर वे हमें धोखा दे सकते हैं तो अर्कवंशी और खंगार समाज को धोखा क्यों नहीं देंगे।

श्री अखिलेश यादव ने अर्कवंशी खंगार समाज से सपा का साथ देने की अपील करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी उन्हें पूरा सम्मान देगी। श्री यादव ने कहा कि भाजपा के लोगों ने महाराजा खेत सिंह खंगार की प्रतिमा में भी घोटाला कर दिया।

उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में खंगार समाज के लोग जहां-जहां लड़ेंगे, समाजवादी पार्टी के लोग पूरी मदद करेंगे। समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर महिलाओं को हर साल 40 हजार रूपये पेंशन देगी। समाज के जिन वर्गों की महिलाओं को आज तक लाभ नहीं मिला, उन्हें आगे करके पेंशन और सम्मान देंगे। बेटियों को आगे की पढ़ाई के लिए कन्या विद्याधन देंगे।

इस अवसर पर की खंगार एडवोकेट, शरद खंगार, कामता प्रसाद, सतीश परिहार, शिव प्रताप सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।







# सामाजिक न्याय के लिए बीपी मंडल का बड़ा योगदान

बुलेटिन ब्यूरो



समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जनपदों में 25 अगस्त को सामाजिक न्याय के पुरोधा, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बी.पी. मंडल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पिछड़े तथा वंचित वर्गों के उत्थान और सामाजिक न्याय के लिए मंडल जी के योगदान को याद किया गया।

राज्य मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने श्री बी.पी. मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर श्री अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव लोकतंत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। भाजपा लोकतंत्र, संविधान, आरक्षण के लिए खतरा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा पीडीए (पीड़ित, दुःखी, अपमानित) लोगों का हक छीन रही है। भाजपा की लूट को सब समझ चुके है।जनता भाजपा की चालबाजी समझ चुकी है।

इस बार भाजपा की कोई चालाकी नहीं चलेगी। जनता का भरोसा समाजवादी पार्टी पर है। जनता 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए फैसला कर चुकी है। समाजवादी सरकार में सभी के साथ न्याय होगा। सभी को हक और सम्मान मिलेगा। सामाजिक न्याय के राज की स्थापना होगी।




# आजीवन समाजवादी विचाराधारा से जुड़े रहे भगवती सिंह

बुलेटिन ब्यूरो

पूर्व मंत्री श्री भगवती सिंह की 94वीं जयंती 26 अगस्त को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में सादगी से मनाई गई। श्री भगवती सिंह के चित्र पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने माल्यार्पण कर नमन किया।

इस अवसर पर श्री अखिलेश यादव ने श्री भगवती सिंह के संघर्षपूर्ण जीवन का स्मरण करते हुए कहा कि वे जीवन पर्यंत समाजवादी विचाराधारा से जुड़े रहे। डॉ. लोहिया के आह्वान पर कई आंदोलनों में जुड़े और जेल में यातना सही।

श्री यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के संकल्प के साथ समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर वरिष्ठ समाजवादी नेताओं सहित श्री भगवती सिंह के नाम पर पार्क या स्मारक का भी निर्माण किया जाएगा।

इस अवसर पर सर्वश्री उदय प्रताप सिंह वरिष्ठ कवि एवं पूर्व सांसद, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, अरविन्द सिंह गोप, पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, महेन्द्र कुमार सिंह झीन बाबू पूर्व विधायक, गोमती यादव एवं राजेन्द्र यादव पूर्व विधायक, शशांक यादव पूर्व एमएलसी, जयसिंह जयंत जिलाध्यक्ष, डॉ. फिदा हुसेन अंसारी ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।



# साफ़ और बेबाक X



## Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh

Socialist Leader of India | President @samajwadiparty | Member of Parliament, Kannauj | Former Chief Minister, Uttar Pradesh

Lucknow, India · samajwadiparty.in · Joined July 2009

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhil... · 4h

भाजपा दूसरों की कमाई से कमाने के चक्कर में UPI से भुगतान करने पर भी पैसे वसूलने का काम करनेवाली है, ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी क्या ऐसे बनेगी? पेमेंट गेटवे से भी पैसा ऐंठनेवाली भाजपा 'चुंगीजीवी' बन गई है




**Akhilesh Yadav** @yadavakhil... · 2d

परदे में रहने दो परदा न उठाओ...
परदा जो उठ गया तो भेद खुल जाएगा

देश की जनता भाजपा का पर्दाफाश करेगी, अगले चुनाव में पूरा हिसाब करेगी।




**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

Show translation

सौहार्द बनाए रखना सरकार की सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी होती है और उपलब्धि भी।

---

**Akhilesh Yadav** @yadav... · 07 Sep

इससे दुर्भाग्यपूर्ण क्या होगा कि भाजपा के भ्रष्टाचार की वजह से वो भी मारे जा रहे हैं, जिन्होंने अभी जन्म भी नहीं लिया है।




**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

Show translation

माना स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता सेनानियों से भाजपा का कुछ लेना-देना नहीं था फिर भी कम से कम नाम को तो इज़्ज़त दे दें।

#JPNIC_LUCKNOW




**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

Show translation

भाजपाइयों का भ्रष्टाचार अब खेत-फसल की बर्बादी तक में 'आपदा में अवसर' मतलब कमाई के अवसर ढूँढ ले रहा है।

जब उप्र के महोबा के चरखारी में दो सर्वेयरों को जनता ने पकड़ लिया तो स्थानीय भाजपा विधायक जी ने वीडियो कॉल के ज़रिए सर्वेयरों को झूठमूठ की दिखावटी फटकार लगाई.

सब मिले हुए हैं।

**सर्वेयरों को पहनाया पेटीकोट और ब्लाउज , फसल सर्वे के नाम पर मांग रहे थे रिश्वत जूतों की माला से किया स्वागत**

---

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

Show translation

उप्र के स्कूलों पर बुलडोज़री वार
अबकी बार भाजपा पक्का बाहर




**Akhilesh Yadav** @yadavakhil... · 4d

**भाजपा राज 'अत्याचार, अन्याय, अहंकार' का पर्यायवाची बन गया है, जिसके निशाने पर 'पीडीए' है।**

अगर कहीं कोई भी 'धर्म-न्याय' में विश्वास करनेवाला है तो इस क्रूर हत्या का संज्ञान ले अन्यथा पीडीए समाज मिलजुलकर अपनी लड़ाई ख़ुद लड़ लेगा।

**भाजपा में 'निषाद' को 'विषाद' के सिवा कुछ नहीं मिलेगा।**




**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

Show translation

जब उप्र की राजधानी में थाने के सामने हत्या हो रही है तो लगता है वो बदमाश-माफ़िया यूपी छोड़कर नहीं गये हैं, वो शासन-प्रशासन की साठगांठ से भाजपा के दफ़्तरों या थानों में प्रश्रय प्राप्त विशेष अतिथि बनकर रह रहे हैं।





Following

Akhilesh Yadav @yadavakhil... · 6d

जैसे-जैसे चुनाव पास आ रहे हैं भाजपा की हताशा बढ़ती जा रही है, इसीलिए पीडीए समाज के लोगों का उत्पीड़न बढ़ रहा है। जिला हापुड़ के गांव बदनौली में दलित युवक दीपक की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक दीपक के परिवार से मिलने और उन्हें सांत्वना देने जा रहे माननीय सांसद एवं राष्ट्रीय महासचिव श्री रामजीलाल सुमन जी को भारी पुलिस बल द्वारा रास्ते में रोके जाने पर विरोध प्रदर्शन किया।



Akhilesh Yadav @yadavakhil... · 6d

बुलंदशहर में हैलीपैड पर दूर-दूर तक जलभराव नहीं है, केवल ज़बरदस्ती का सीमेंट, गारा और पेवर ब्लाक्स दिखाकर, शासन के गुपचुप निर्देश पर प्रशासन हमारे 11 सितंबर के कार्यक्रम को रद्द करने का बहाना ढूँढ रहा है। सपा के पदाधिकारियों के सामने निष्पक्ष विशेषज्ञों से जाँच कराकर सत्य सामने रखा जाए।

अगर हम सड़क मार्ग से आएंगे तो भी क्या एक्सप्रेसवे या हाईवे या रोड के ख़राब होने के बहाने बनाए जाएंगे क्योंकि वो सब सड़कें तो सच में चलने लायक हैं ही नहीं।

जनता पूछ रही है कि हैलीपैड और मौसम केवल विपक्ष के लिए ही क्यों ख़राब होता है?



Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh

Show translation

भारत आए विदेशियों ने जब ये ख़बर पढ़ी होगी तो कहाँ होगा, स्पेस टेक्नोलॉजी से बनीं इन सड़कों से अच्छी तो 'ब्रिक्स' से बनी पुरानी सड़कें होती थीं।

भाजपा भ्रष्टाचार का सुपरहाईवे है।



बदहाल हाईवे पर टूटा मार्ग, नाला अधूरा और स्ट्रीट लाइटें बंद, उद्घाटन से पहले ही उखड़ा हाईवे, लोगों में नाराजगी

## उद्घाटन से पहले ही जर्जर होने लगा हाईवे

धिरोर-करहल मार्ग में गहरे गड्ढे बने जानलेवा

सर्विस रोड पर झरने की तरह गिर रहा पानी, कीचड़ से परेशानी

Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh

Show translation

दिन पर दिन बढ़ रहा है पीडीए का क़ाफ़िला और अपनेपन से हौसला!



Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh

Show translation

सत्य के संघर्ष में दिव्य आशीर्वाद विजय-सारथी बनता है।



Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh




Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh

Show translation

श्री गणेश चतुर्थी के पावन पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं!



Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh

Show translation

'हनुमान अंश' के रचनाकार-कलाकार से सप्रेम भेंट!



Akhilesh Yadav @yadav... · 04 Sep

समाजवादी पार्टी जमुनापार, प्रयागराज के जिलाध्यक्ष श्री पप्पू लाल निषाद जी का निधन, अत्यंत दु:खद !

ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे, शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं।

भावभीनी श्रद्धांजलि !



पंजीकृत डाक पंजीकरण संख्या GPO/LW/NP-300/2024-2026 कुल पृष्ठ : 44 डिस्पैच तिथि : 15, 16, 17



# मत बाँटो इंसान को

मंदिर—मस्जिद—गिरजाघर ने
बाँट लिया भगवान को।
धरती बाँटी सागर बाँटा—
मत बाँटो इंसान को॥
अभी राह तो शुरू हुई है—
मंज़िल बैठी दूर है।
उजियाला महलों में बंदी—
हर दीपक मजबूर है॥
मिला न सूरज का संदेसा—
हर घाटी मैदान को।
धरती बाँटी सागर बाँटा—
मत बाँटो इंसान को।
अब भी हरी भरी धरती है—
ऊपर नील वितान है।
पर न प्यार हो तो जग सूना—
जलता रेगिस्तान है॥
अभी प्यार का जल देना है—
हर प्यासी चट्टान को।
धरती बाँटी सागर बाँटा—
मत बाँटो इंसान को॥
साथ उठें सब तो पहरा हो—
सूरज का हर द्वार पर।
हर उदास आँगन का हक़ हो—
खिलती हुई बहार पर॥
रौंद न पाएगा फिर कोई—
मौसम की मुस्कान को।
धरती बाँटी सागर बाँटा—
मत बाँटो इंसान को॥

- विनय महाजन
( साभार: हिन्दवी )



समाजवादी पार्टी
/samajwadiparty
www.samajwadiparty.in
QR कोड स्कैन करें और वाट्स-एप चैनल से जुड़ें
/Akhilesh Yadav
/Samajwadi Party